भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 987
(13 दिसंबर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए)

योजनाओं का नाम परिवर्तन

987. श्री नकुल के. नाथ:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2014 के बाद से मंत्रालय की कितनी योजनाओं का नाम बदला गया है; और
(ख) 2014 के बाद से लेकर अब तक इन योजनाओं हेतु बजट आवंटन का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क): सरकार द्वारा वर्ष 2014 के बाद ग्रामीण विकास मंत्रालय की जिन योजनाओं के नाम बदल दिए गए हैं उनका ब्यौरा निम्नानुसार है:

i. पूर्ववर्ती ग्रामीण आवास योजना -इंदिरा आवास योजना (आईएवाई) को 01 अप्रैल, 2016 से प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) में पुनर्गठित कर दिया गया है।

ii. वर्ष 2015 में केंद्र प्रायोजित योजना -राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) का नाम बदलकर दीन दयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) कर दिया गया था। वर्ष 2014 में इसके कौशल घटक का नाम बदलकर दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) कर दिया गया था।

(ख): वर्ष 2015-16 से 2022-23 तक बजट अनुमान और संशोधित अनुमान का वर्ष-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 13.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 987 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

i. **पीएमएवाई-जी के अंतर्गत बजट अनुमान और संशोधित अनुमान का वर्षवार ब्यौरा**

(रु. करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	बजट अनुमान (ब.अ.)	संशोधित अनुमान (सं.अ.)
2015-16	10025.00	10025.00
2016-17	15000.00	16078.60
2017-18	23000.00	22832.31
2018-19	21000.00	19600.00
2019-20	19000.00	18455.20
2020-21	19500.00	19500.00
2021-22	30057.15	30056.87
2022-23	20000.00	-

ii. **वर्ष 2015-16 से डीएवाई-एनआरएलएम के अंतर्गत बजट आवंटन निम्नानुसार है:**

(रु. करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	बजट अनुमान (ब.अ.)	संशोधित अनुमान (सं.अ.)
2015-16*	2705	2705
2016-17	3000	3168.15
2017-18	4500	4350.83
2018-19	5750	5783.5
2019-20	9024	9024
2020-21	9210.04	9209.53
2021-22	13677.61	10813.89
2022-23	13336.42	-

* स्टार्टअप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम (एसवीईपी) सहित

*****